भारत सरकार

पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. **984** जिसका उत्तर

शुक्रवार, **22 जुलाई**, 2022/31 आषाढ़, 1944 (शक) को दिया जाना है

कानुपुर स्पिल चैनल पर पुल का निर्माण

†984. श्री जुएल ओराम :

क्या **पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 52 के रिमुली-रोरी-राजमुंडा खंड पर कानुपुर सिंचाई परियोजना के स्पिल चैनल पर पुल का निर्माण लंबे समय से लंबित है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या ओडिशा राज्य सरकार उक्त पुल के निर्माण की आंशिक लागत वहन करने के लिए सहमत हो गई है; और

(ग) यदि हां, तो उक्त पुल के निर्माण कार्य में तेजी लाने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री

(श्री सर्बानंद सोणोवाल)

(क): जी हां।

(ख) और (ग): मूल योजना के अनुसार कानुपुर स्पिल चैनल पर पुल निर्माण का कार्य निष्पादन कानुपुर सिंचाई परियोजना प्राधिकरण, ओडिशा सरकार द्वारा साझा लागत आधार पर [भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई): 80%:: राज्य सरकार: 20%] किया जाना था। वर्ष 2011 में कार्य सौंपा गया था। परंतु, तकनीकी कठिनाइयों के कारण इसे समाप्त कर दिया गया था।

तत्पश्चात, दिनांक 05.05.2021 को एनएचएआई द्वारा कार्य सौंपा गया था और इसे 18.09.2021 को शुरू कर दिया गया है। मार्च, 2023 तक इस कार्य को पूरा किया जाना निर्धारित है। वर्तमान में कार्य की प्रगति 43% है।

*****